एक नजर में

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



इंदौर. शहर में अवैध शराब कारोबार पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने सख्त कार्रवाई तेज कर दी है. देर रात एरोड्रम पुलिस ने दबिश देकर एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ते हुए 1.53 लाख रुपए कीमत की अंग्रेजी शराब और बीयर जब्त की. थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पल्हर नगर, केला माता मंदिर के पास अवैध शराब की बिक्री हो रही है. इस पर पुलिस की एक टीम ने घेराबंदी कर आरोपी हेमंत उर्फ बंटी निवासी पल्हर नगर को शराब बेचते हुए पकड़ लिया. तलाशी में उसके पास और घर से रॉयल स्टेग, 8 पीएम, ऑफिसर्स चॉइस, बकार्डी, आइकोनिक व्हाइट, रॉयल चैलेंज, स्टर्लिंग रिजर्व, बैगपाइपर, मैकडॉवेल समेत 141 बोतल अंग्रेजी शराब और किंगफिशर, बोल्ट, हंटर ब्रांड की 96 बीयर कैन बरामद की गईं. मामले में थाना प्रभारी का कहना है कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस लगातार अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, ऐसे तत्वों के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा.

## शादी से इंकार करने पर युवती ने खाया जहर, मौत

इंदौर. शादी का वादा कर मुकरने से आहत 21 वर्षीय युवती ने जहरीली दवा खाकर जान दे दी. घटना सिमरोल क्षेत्र के लालबाई फूलबाई गांव में हुई. 21 वर्षीय मृतका हरशिता को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. सिमरोल थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि 23 वर्षीय हरशिता का शुभम शिंदे निवासी ग्राम बागोद, जिला खरगोन से प्रेम संबंध था. शुभम ने पहले हरशिता से शादी का वादा किया, लेकिन बाद में वह पीछे हट गया. इस बात से आहत होकर हरशिता ने सुबह करीब 10.15 बजे घर में जहरीला पदार्थ खा लिया. परिजन ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी. पुलिस ने आरोपी युवक शुभम के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करना की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है. फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है और आरोपी की भूमिका की विस्तृत जांच की जा रही है. पुलिस यह भी पता लगा रही है कि दोनों के बीच आखिरी बार क्या बातचीत हुई थी और क्या युवती ने सुसाइड से पहले किसी को कोई संदेश दिया था.

## रोड निर्माण कार्य की स्वीकृति

महू. नगर परिषद महूगांव को एक और बडी सौगात को नगर परिषद महूगांव में तेलीखेडा स्थित शीतला माता मंदीर सें छावनी परिषद महू राज्य मार्ग तक रोड निर्माण कार्य की स्वीकृति कराई. उक्त रोड का निर्माण कार्य लगभग 1 करोड 51 लाख की लागत सें किया जायेगा उक्त रोड निर्माण कार्य सें स्थानीय रहवासीयो का आवगमन सुगम होगा उक्त रोड की सौगात नगर परिषद महूगांव को भेट करने पर नगर परिषद अध्यक्ष नवीन तिवारी, न.प. उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पंवार, नगर अध्यक्ष निकोया मुलिक गोंविद शेखावत, पार्षदगण राहुल द्विवेदी, ईश्वरचंद्र त्यागी, विनिता भलावी, पूजा पंकज श्रीवास, उमेश परिहार, अजय चौधरी, मनीषा जगदीश पाटील, ज्योति दिपक पंडोले, पंकज श्रीवास, जगदीश पाटील आदि ने सुश्री दीदी का महू गांव नगर परिषद और से हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया.

## 48 में से केवल चार छात्र हुए पास

महू. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में घोषित बीबीए प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम में बड़ी विसंगति सामने आई है. जिले भर में लगभग 8,000 छात्रों ने इस परीक्षा में भाग लिया था, लेकिन उनमें से लगभग 5,000 छात्रों को दो ही विषयों में पूरक दे दिया गया है. इस असामान्य परिणाम से छात्र, अभिभावक और कॉलेज प्रबंधन सभी हैरान हैं. सबसे ज्यादा चौंकाने वाला मामला विक्रांत कॉलेज से सामने आया है, जहां कुल 48 छात्रों में से केवल 4 ही पास हो सके. शेष सभी को समान विषयों में पूरक मिला है. कॉलेज प्रशासन का कहना है कि ऐसा पहली बार हुआ है जब एक साथ इतने छात्रों को और वो भी एक ही जैसे विषयों में पूरक आया है. यह स्थिति केवल एक कॉलेज तक सीमित नहीं है. इंदौर के कई अन्य महाविद्यालयों में भी यही पैटर्न देखा गया है. लगभग सभी संस्थानों में दो विशेष विषयों में ही अधिकांश छात्रों को पूरक मिला है, जबकि अन्य विषयों में छात्रों का प्रदर्शन संतोषजनक रहा है. इससे यह आशंका जताई जा रही है कि मूल्यांकन प्रक्रिया में तकनीकी या प्रशासनिक गड़बड़ी हो सकती है. छात्रों का कहना है कि उन्होंने परीक्षा में पूरी तैयारी के साथ भाग लिया था, लेकिन दो विषयों में अचानक पूरक आना समझ से परे है। कई छात्रों ने डीएवीवी को पुनर्मूल्यांकन की मांग के साथ आवेदन देने की योजना बनाई है. कॉलेज प्रबंधन भी इस परिणाम से चिंतित है। उनका कहना है कि विश्वविद्यालय को इस पूरे मामले की गहन जांच करनी चाहिए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि गड़बड़ी मूल्यांकन में हुई है या परिणाम अपलोड करते समय कोई तकनीकी खामी आई है. डीएवीवी की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन छात्रों और कॉलेजों के बढ़ते दबाव को देखते हुए संभावना है कि विश्वविद्यालय जल्दी ही इस पर प्रतिक्रिया देगा.

## कारगिल विजय दिवस पर प्रतियोगिता सम्पन्न



देपालपुर. शासकीय महाविद्यालय देपालपुर में कारगिल विजय दिवस पर कारगिल युद्ध के नायक की बहादुरी और वीरता को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन प्रभारी प्राचार्य डॉ अनुपम वर्मा के मागदर्शन में किया गया. प्रतियोगिता का विषय कारगिल विजय दिवस था. सभी संकाय के विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगिता में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया. प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को स्टीफिकेट प्रदान कर पुरस्कृत किया गया. बी.ए प्रथम वर्ष की छात्रा शिवानी मदन ने प्रथम, बी ए प्रथम वर्ष कीर्ति कुशवाह ने द्वितीय स्थान और मोनिका सोलंकी तथा कुंदन वर्मा बीए प्रथम के विद्यार्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. अन्य प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्टीफिकेट प्रदान कर पुरस्कृत किया गया. पोस्टर प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.संगीता गोकर्ण नरगावे, डॉ. पुष्पा दिवाकर और डॉ. दिवाकर सर उपस्थित रहे.

## तहसलीदार को ज्ञापन सौंपा



देपालपुर. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा छात्रावास के खाने में कीड़े पाए जाने व असुविधाओं व अनियमितता को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया और उचित जांच व कारवाई की मांग की गई. विद्यार्थी परिषद के संज्ञान में आया था कि देपालपुर बालक छात्रावास में खाने में आए दिन कीड़े पाए जाते है. पूरे छात्रावास में अव्यवस्था है. विद्यार्थी परिषद को सूचना मिली तो विद्यार्थी परिषद् के नगर मंत्री शैलेंद्र चौहान नगर सह मंत्री सौरभ पांडे व परिषद के राजू बाथम ने तुरंत पहुंच कर खाने की जांच की मांग की तो वहां वार्डन दशरथ गंद्रावलिया उपस्थित नहीं थे. जब परिषद ने फोन लगाकर बुलाया तो आकर ना छात्रों से पूछा कि खाना खाया के नहीं खाया उल्टा परिषद के साथ दुर्व्यवहार किया. जब परिषद ने कहा इस प्रकार आए दिन कीड़े पाये जाते है. आपके छात्रावास के खाने में तो उनके द्वारा परिषद को आश्वासन दिया जाता है कि खाने में सुधार किया जाएगा और जब परिषद वहां से आश्वासन लेकर लौट आती है तो तहसीलदार द्वारा जांच टीम बुलवा कर परिषद के खिलाया झूठी कारवाई करवाने के लिए बच्चों पर दबाव बनाया व स्वयं ने भी झूठी बाते लिखवाई गई. इसके खिलाफ परिषद ने आज एसडीएम के नाम से तहसीलदार के समक्ष ज्ञापन सौंपा, जिसमें नगर मंत्री शैलेंद्र चौहान नगर सहमंत्री सौरभ पांडे, कार्यालय मंत्री कपिल चौहान, खेलो भारत प्रमुख युवराज जाट, एसएफडी प्रमुख देव चौधरी विद्यालय प्रमुख अंकित ठाकुर व परिषद के राजू बाथम उपस्थित रहे.

# अतिक्रमण हटाने पहुंचे निगमकर्मियों से हाथापाई

### टावर चौराहे पर हुआ विवाद, व्यापारी से की मारपीट, दोनों पक्षों ने थाने पहुंचकर दी शिकायत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की रिमूवल टीम मंगलवार को टावर चौराहे क्षेत्र में विवादों में घिर गई. सपना-संगीता रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के पास एक व्यापारी से बहस के बाद मामला इतना बढ़ गया कि निगमकर्मियों ने व्यापारी को दौड़ाकर पीट दिया. घटना के दौरान कुछ राहगीर भी झगड़े की चपेट में आ गए, जिनसे निगमकर्मियों द्वारा धक्का-मुक्की किए जाने की बात सामने आई है.**

मौके पर मौजूद पुलिस और स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया. इसके बाद दोनों पक्ष पहले जूनी इंदौर थाने और फिर भंवरकुआं थाने पहुंचे. वहां एक-दूसरे के खिलाफ लिखित शिकायत दी गई. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है.

नगर निगम की टीम मंगलवार दोपहर टावर चौराहे पर होर्डिंग, अतिक्रमण और सड़क पर खड़े वाहनों को हटाने पहुंची थी. इसी दौरान सपना-संगीता रोड पर एक व्यापारी ने अपने सामने से सामान हटाने को लेकर निगम कर्मचारियों से विवाद शुरू कर दिया. प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया कि व्यापारी ने पहले एक निगमकर्मी से हाथापाई की, जिसके बाद टीम के अन्य सदस्यों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी. घटना के बाद नगर निगम की ओर से कहा गया कि मारपीट करने वालों की पहचान की जा चुकी है और उनके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी. हालांकि, निगम ने यह भी स्पष्ट किया कि इस घटना का असर अतिक्रमण विरोधी मुहिम या ट्रैफिक सुधार अभियान पर नहीं पड़ेगा.





### नियमानुसार जारी रहेगी कार्रवाई

मामले में निगम के अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई नियमानुसार जारी रहेगी. विवाद के दौरान पुलिस टीम भी मौके पर मौजूद थी, जिसने स्थिति को अधिक बिगड़ने से रोका. फिलहाल दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. अधिकारियों का कहना है कि मामले में सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीदों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# बिना हेलमेट पेट्रोल देने से रोका तो कर दिया जानलेवा हमला

### धार रोड स्थित लकी पंप कर्मचारी पर हमला, आरोपी फरार

नवभारत न्यूज

**इंदौर. शहर में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों के बीच धार रोड स्थित लकी पेट्रोल पंप पर मंगलवार को एक कर्मचारी पर उस वक्त जानलेवा हमला हो गया जब उसने हेलमेट न पहनने पर युवक को पेट्रोल देने से इनकार कर दिया. पेट्रोल पंप संचालक छोटू लड्ढा ने बताया कि, हमलावर बाइक पर सवार था और बिना हेलमेट पहुंचा था. कर्मचारी ने नियमों के पालन की बात कहते हुए पहले उसे हेलमेट पहनने की समझाइश दी, जिस पर युवक भड़क गया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी.**

इसी दौरान उसने कर्मचारी पर धारदार चीज़ से वार कर घायल कर दिया और मौके से भाग निकला. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल कर्मचारी को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया. एमजी रोड



पुलिस ने अज्ञात हमलावर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. पेट्रोल पंप प्रबंधन ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि शहर में जागरूकता फैलाने वालों के साथ इस तरह की घटनाएं चिंताजनक हैं. मामले में पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है.

# सब्जी मंडी में खरीदारी के दौरान हमला

- व्यापारी और बेटे को गंभीर चोट

नव भारत न्यूज

**इंदौर. राजेन्द्र नगर क्षेत्र की चौइथराम आलू-प्याज मंडी में एक व्यापारी और उसके बेटे पर हमला कर दिया. आरोप है कि मामूली विवाद के बाद दो बदमाशों ने व्यापारी की आंख पर कड़ा मारकर लहूलुहान कर दिया, जबकि बेटे को आंख के पास लोहे के औजार से चोट पहुंचाई गई. जाते-जाते हमलावर जान से मारने की धमकी भी देकर फरार हो गए.**


घटना सुबह करीब 9.30 बजे की है. पुलिस ने प्रेम उर्फ पहलवान और उसके साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. घायल व्यापारी की पहचान 52 वर्षीय कमल सिंह लोधी निवासी कुंदन नगर, गली नंबर 17 के रूप में हुई है. कमल सिंह ने पुलिस को बताया कि वे आलू-प्याज की खरीदारी के लिए चौइथराम मंडी की दुकान नंबर 98 पर पहुंचे थे. यहां तुलाई को लेकर प्रेम और उसके साथी से कहासुनी हो गई. देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. दोनों ने मिलकर उन्हें गालियां दीं और मारपीट शुरू कर दी. प्रेम ने अपने हाथ में पहना कड़ा उनकी दाहिनी आंख के ऊपर मार दिया, जिससे गंभीर चोट लगी. बेटे दीपक ने बीच-बचाव की कोशिश की तो प्रेम ने उसकी गर्दन पकड़ ली और उसके साथी ने बोरियों को उठाने वाले लोहे के औजार से दीपक की आंख के पास वार कर दिया, जिससे खून बहने लगा. शोर सुनकर राजेन्द्र लोधी ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी भाग निकले.

# नशे और अनैतिक गतिविधियों का अड्डा उजागर

- तीसरी मंजिल पर पकड़ी गई लड़की और दो युवक
- गांजा-हुक्का व आपत्तिजनक सामग्री जब्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मयूर हॉस्पिटल के पीछे एक मकान में चल रहे संदिग्ध काम की सूचना पर जब सामाजिक कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे, तो वहां जो कुछ सामने आया, वह चौंकाने वाला था. मकान की तीसरी मंजिल पर एक युवती और दो युवक नशा करते मिले. सेंटर टेबल पर गांजा से भरी काली थैली, हुक्का और फ्लेवर मिले. युवती ने आरोप लगाया कि दोनों युवक डेढ़ साल से उसके साथ गलत काम कर रहे हैं.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार देर शाम कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि मयूर हॉस्पिटल के पीछे एक मकान में संदिग्ध गतिविधियां चल रही हैं. सूचना पर कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और मकान की तीसरी मंजिल का दरवाजा खटखटाया. अंदर दो युवक और एक युवती मिले. एक युवक ने खुद को शाहिद खान निवासी गुना, दूसरा शहनाज खान निवासी जीरापुर और युवती ने श्वेता सिंह निवासी बिलासपुर बताया. मकान के अंदर सेंटर टेबल पर एक काली थैली में गांजा, एक हुक्का और फ्लेवर मिला. युवती ने मौके पर बताया कि यह नशा शाहिद और शहनाज करते हैं और उसे भी जबरन करवाते हैं. युवती ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों युवक मिलकर पिछले डेढ़ साल से उसका शारीरिक शोषण कर रहे हैं. घटना की जानकारी खजराना थाने को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शहनाज खान को हिरासत में ले लिया, जबकि शाहिद खान पड़ोस के मकान से कूदकर भाग निकला.

### स्थानीय लोगों को भी था शक

मकान के रहवासियों ने बताया कि वहां अक्सर लड़के-लड़कियों का आना-जाना लगा रहता था. उन्हें पहले से शक था कि इस मकान में नशे और अनैतिक गतिविधियों का अड्डा चल रहा है. खजराना पुलिस ने फिलहाल शाहिद खान के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है और पूरे मामले की जांच की जा रही है. मौके पर हिन्दूवादी कार्यकर्ता मान सिंह राजावत, लकी बाहुबली, मेवाती, कुलदीप सिंह निक्कू सहित अन्य मौजूद थे.



# रक्षासूत्र और तिलक पर सजा देने से भड़के हिन्दूवादी

### मल्हारराव यशवंतराव स्कूल पहुंचे विहिप-बजरंग दल कार्यकर्ता, प्राचार्य से जताई नाराजगी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र स्थित मल्हारराव यशवंतराव स्कूल में रक्षासूत्र और तिलक लगाए छात्रों को सजा देने की बात सामने आने पर मंगलवार दोपहर विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता स्कूल जा पहुंचे. उन्होंने प्राचार्य से मुलाकात कर इस कार्रवाई पर विरोध दर्ज कराया.**

हिन्दूवादी संगठनों का आरोप है कि सावन माह और रक्षाबंधन से जुड़े धार्मिक प्रतीकों को मानने पर बच्चों को दंडित किया गया, जो हिन्दू संस्कृति का अपमान है. कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि बच्चों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. विवाद बढ़ता देख मौके पर अन्नपूर्णा पुलिस भी पहुंची और दोनों पक्षों को समझाइश दी. प्राचार्य ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल में किसी विशेष धर्म के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है, बल्कि अनुशासनात्मक स्तर पर निर्णय लिया था.

### सुलहनामा बना, विवाद शांत

पुलिस और विद्यालय प्रबंधन की मध्यस्थता से हिन्दूवादी कार्यकर्ताओं और प्राचार्य के बीच सुलहनामा हुआ. विश्व हिन्दू परिषद के प्रचार प्रसार प्रमुख देवा शर्मा ने बताया कि छात्रों की धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान होना चाहिए और आगे से इस तरह की घटनाओं को लेकर संगठन सख्त रुख अपनाएगा.

# हिन्दू देवी-देवताओं के पोस्टर पर गंदा पानी गिरा, माहौल गरमाया

- चंदननगर क्षेत्र में सोमवार को हुआ विवाद
- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पोस्टर हटवाए

नव भारत न्यूज

**इंदौर. चंदननगर थाना क्षेत्र के आमवाला रोड पर सावन सोमवार के दिन धार्मिक भावनाएं आहत करने वाला मामला सामने आया. एक समुदाय के मकान पर हिन्दू देवी-देवताओं के पोस्टर इस तरह लगाए गए थे कि उन पर पाइप से गंदा पानी बह रहा था. इसकी जानकारी मिलते ही हिन्दू संगठनों में आक्रोश फैल था.**

मामले की भनक लगते ही सोमवार शाम हिन्दूवादी संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी. थोड़ी ही देर में वहां भारी भीड़ जुट गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया.

हिंदू संगठनों का आरोप है कि जानबूझकर धार्मिक प्रतीकों का अपमान किया है. उन्होंने पोस्टर को हटवाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की. बताया गया है कि जिस मकान पर यह पोस्टर लगाए गए थे, वहां रहने वाले दूसरे वर्ग के परिवार ने गंदगी बहने वाली पाइपलाइन के ठीक नीचे पोस्टर चिपका दिए थे. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चंदननगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची.



समझाइश के बाद पोस्टर हटवाए गए, जिसके बाद मामला शांत हुआ. हालांकि, इस पूरे प्रकरण को लेकर हिन्दू संगठनों ने पुलिस से लिखित शिकायत दर्ज कराई है. मामले में थाना प्रभारी इंद्रमणि पटेल ने बताया कि फिलहाल किसी के खिलाफ प्रकरण दर्ज नहीं किया है, लेकिन मामले की जांच जारी है. क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है.

# सड़क दुर्घटना में युवती की मौत, दो घायल

- खुड़ैल क्षेत्र में हुई तीन अलग-अलग घटनाएं

नवभारत न्यूज

**इंदौर. तेज रफ्तार और लापरवाही एक बार फिर जानलेवा साबित हुई. खुड़ैल थाना क्षेत्र में बीते दिनों तीन अलग-अलग सड़कों पर हुए हादसों में एक 22 वर्षीय युवती की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. सभी मामलों में संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है.**

पहली और सबसे दर्दनाक घटना ग्राम तिल्लोर खुर्द में हुई. 22 वर्षीय सिमरन राठौर, निवासी तिल्लोर खुर्द, अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी एमपी 09 जेडबी 6980 से घर की ओर जा रही थी. इसी दौरान रालामंडल की ओर से आ रहे लोडिंग रिक्शा एमपी 09 एलक्यू 7982 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से जोरदार टक्कर मार दी. सिर में गंभीर चोट लगने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने आरोपी रिक्शा चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.इसी तरह की दूसरी घटना ग्राम सनावदिया के पास बिहाड़िया फाटे पर हुई. 34 वर्षीय चैनसिंह जाधव, निवासी स्कीम नंबर 51, लेख पैलेस, अपने वाहन से गुजर रहे थे, तभी एमपी 09 आरए 4408 के ऑटो चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से टक्कर मार दी, जिसमें चैनसिंह को चोटें आई हैं. पुलिस ने चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

वहीं तीसरी घटना भी बिहाड़िया फाटे के आसपास हुई, जहां एमपी 09 एजी 9256 नंबर के एक ऑटो रिक्शा चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए सामने से आ रहे एक अन्य ऑटो को टक्कर मार दी. इस घटना में जामनिया की धुलघाटी में रहने वाला 21 वर्षीय हेमंत उर्फ गोलू यादव घायल हो गया. तीनों मामलों में पुलिस ने वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है और जांच जारी है.

एक नजर में | मामला वार्ड क्रमांक 50 के चौहान नगर का

# सीवरेज की गंदगी बहती है सड़क पर, बदबू से लोग परेशान

नवभारत न्यूज

**इंदौर. जहां तक के सीवरेज लाइन की समस्या की बात है. नगर निगम आज भी इसका निराकरण करने में सफल की दिखाई दे रही है. शहर के कई क्षेत्रों में यहां समस्या इतनी ज्यादा हो गई है कि लोग का रहना और गुजरना तक दुभर हो चला है.**

एक बार फिर वार्ड क्रमांक 50 में सीवरेज लाइन की समस्या सामने आई है. वार्ड के चौहान नगर में देखा गया है कि घरों के आगे बने हुए चेंबर गंदगी से उफन रहे हैं जिसकी दुर्गंध से आसपास के निवासी अपने घरों में भी बैठ नहीं पाते. इतना ही नहीं आने जाने को लेकर भी मुसीबतें बनी हुई है. सीवरेज से निकलने वाली गंदगी सीमेंट कंक्रीट से बनी सड़क पर फैली रहती है. बताया जाता है कि आए दिन यहां लाइन चोक हो जाती है. कंप्लेंट करने के दो-चार दिन बाद इसकी सफाई की जाती है लेकिन कुछ ही घंटे बाद यहां स्थिति दोबारा निर्मित होने लगती है. इस समस्या से यह तो प्रतीत होता है कि पूर्व में जब क्षेत्र में सीवरेज लाइन डालने का कार्य किया गया था, तब लाइन डाली गई होगी जो अब जनसंख्या बढ़ने के बाद स्थिति सामने आई है. जो भी हो लेकिन क्षेत्र वासियों की समस्या लगातार बनी हुई है.



### इनका कहना है...



चेंबर घर के सामने बना हुआ है और जब भी यह ओवर फ्लो होता है तो उसका गंदा पानी घरों में घुस जाता है. यह एक दिन की बात नहीं हर दिन यही मुसीबत होती है.

\- राजू बाई



हर दूसरे तीसरे दिन चेंबर भर जाता है तो हमें हर बार कंप्लेंट करना पड़ती है. इसका निराकरण तो सिर्फ सीवरेज लाइन बदलने से ही होगा वरना छोटी लाइन तो यूं ही परेशान करती रहेगी.

\- राधेश्याम सिसौदिया



समस्या तो कई वर्षों से है लेकिन जब सड़क का नया निर्माण किया जा रहा था, उस समय भी ठेकेदार को बोला था कि पाइप लाइन बड़ी डाल दी जाए लेकिन किसी ने नहीं सुनी.

\- शालिनी उज्जैनी